गोयल चेरिटीज़ एसोसिएशन

10, यशवन्त निवास रोड, अंकुर हॉस्पिटल के पीछे, इन्दौर-452 003 (म.प्र.)
टेलीफोन नं. 0731-4040232, Email : goyalraj@yahoo.com
Web : www.goyalcharities.org



- किडनी रोग -
कारण एवं निदान

यह पर्चा जनहित में मात्र जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रकाशित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की विसंगती के लिये संस्था उत्तरदायी नहीं है।

सुन्दर, स्वच्छ और निरोगी रहना किसे अच्छा नहीं लगता है। शरीर की बाहरी स्वच्छता हमारे हाथ में है पर शरीर के अन्दर की स्वच्छता का कार्य किडनी (गुर्दा) करते हैं। किडनी शरीर का खून साफ कर पेशाब बनाती है। पेशाब शरीर से बाहर निकालने का कार्य मूत्रवाहनी (Ureter), मूत्राशय (Urinary Bladder) और मूत्रनलिका द्वारा होता है। स्त्री और पुरुष दोनों के शरीर में दो किडनी होती है।

किडनी के शरीर में मुख्य कार्य -

- खून का शुद्धीकरण
- शरीर में पानी का सन्तुलन
- शरीर में अम्ल एवं क्षार का सन्तुलन करना
- शरीर में खून के दबाव पर नियंत्रण
- रक्त कणों के उत्पादन में सहायक
- हड्डियों की मजबूती के लिये कार्य।

किडनी खराब होने के मुख्य कारण -

- नेफ्राइटिस (किडनी) में सूजन
- उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर)
- मधुमेह (डायबिटीज)
- मूत्र मार्ग में पथरी
- मूत्र मार्ग में जन्म से विकृती
- प्रोस्टेट की बीमारियाँ
- अनुवांशिकी बीमारियाँ
- दूषित जल

किडनी रोग से बचाव -

- चिकित्सक की सलाह अनुसार उच्च रक्तचाप का नियंत्रण।
- धूम्रपान, मद्यपान एवं तम्बाकू निषेध।
- मूत्र संक्रमण का इलाज तत्काल करें।
- उचित आहार, उचित विकार एवं नियमित व्यायाम करें।
- स्वच्छ पानी का उपयोग

पिछले कुछ वर्षों में किडनी रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। किडनी फेल्योर के मरीजों की संख्या में गंभीर रूप से बढ़ोत्तरी हुई है। हमारा उद्देश्य है कि ऐसे मरीज जो किडनी रोग से पीड़ित हैं तथा जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है तब वे जानकारी के अभाव में सही समय पर उचित इलाज नहीं ले पाते। उनकी सुविधा के लिये इन्दौर शहर के चिकित्सालय में डायलिसिस सुविधा की उपलब्धता व उसका शुल्क संकलित किया है। आशा है यह उन्हें मदद करेगा।

किडनी फेल्योर क्या है -

जब बीमारी के कारण दोनों किडनी अपना सामान्य कार्य नहीं कर सकें तो किडनी की कार्यक्षमता कम हो जाती है जिसे हम किडनी फेल्योर कहते है। किडनी फेल्योर के दो मुख्य प्रकार है -

1) ***एक्युट किडनी फेल्योर*** - इसमें किडनी कुछ समय तक काम करना बन्द कर देती है जिसे इलाज व परहेज से ठीक किया जा सकता है।

2) ***क्रोनिक किडनी फेल्योर*** - लम्बे समय तक किडनी रोग से ग्रसित रहने पर यह अवस्था आती है इसमें दोनों किडनी काम करना बन्द कर देती है। ऐसे मरीज के सफल उपचार हेतु विकल्प सिर्फ डायलिसिस और किडनी प्रत्यारोपण है।

डायलिसिस क्या है -

शरीर में किडनी द्वारा काम नहीं करने के कारण जमा होने वाले अनावश्यक पदार्थों पानी, क्षार एवं अम्ल जैसे रसायनों को कृमिक विधि से मशीन द्वारा दूर कर खून का शुद्धिकरण करने की प्रक्रिया को डायलिसिस कहते हैं।

डायलिसिस के चिकित्सालयों की सूची

चिकित्सालय	शुल्क	फोन नं.
एम.वाय. हॉस्पिटल	150/-	0731-2527300
पी.सी. सेठी हॉस्पिटल	250/-	0731-2705503
गोकुलदास हॉस्पिटल	400/-	0731-2519212
मयंक हॉस्पिटल	600/-	0731-2494786
अरविन्दो हॉस्पिटल	600/-	0731-4231000
मोहक हॉस्पिटल	600/-	0731-4231700
मयूर हॉस्पिटल	700/-	0731-2495111
क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल	800/-	0731 238 0872
रॉबर्ट नर्सिंग होम	800/-	0731-2492051
लाइफ लाईन हॉस्पिटल	850/-	0731-2575611
भण्डारी हॉस्पिटल	850/-	0731-4003333
चोईथराम हॉस्पिटल	900/-	0731-2362491
आनंद हॉस्पिटल	900/-	0731-4092121
सी.एच.एल.	900/-	0731-2549090
सिटी नर्सिंग होम	900/-	0731-2340666
विशेष हॉस्पिटल	950/-	0731-4067111
ग्रेटर कैलाश हॉस्पिटल	1050/-	0731-6633333
बॉम्बे हॉस्पिटल	1200/-	0731-4077000

उक्त शुल्क वर्तमान उपलब्ध जानकारी पर आधारित है।